एगॉन-रश में प्रतिभागियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया

रांची | प्रमुख संवाददाता

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रांची के वार्षिक प्रबंधन, सांस्कृतिक और खेल उत्सव, एगॉन-रश 2021 के दूसरे दिन शनिवार को 20 से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

इसमें देशभर के शीर्ष बी-स्कूलों के 10,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। विजेताओं को नगद पुरस्कार भी दिए गए। आईआईएम रांची के फाइनेंस क्लब फिनोपिस ने 45,000 रुपए के नगद पुरस्कारों के साथ व्यापार मूल्यांकन प्रतियोगिता, प्लूटस का आयोजन किया। इसमें आईआईएम रांची की टीम ब्यूसाइड बॉयज विजेता बनी। जबकि एनएमआईएमएस की टीम बैकबेंचर्स इस प्रतियोगिता की उपविजेता बनी। क्रैक द केस 6.0 में आईआईएम रांची के ऑपरेशंस क्लब ने दो लाख रुपए की पुरस्कार राशि दी।

Hindustan, 07.02.2021, Pg. 08